वि० सं० १२५३—इ० ए० भाग १७ पृष्ठ २३८ । तृका लिङ्गा-

धिपाति कलचुरी (छेदी) महाराजाधिराज **विजयदेव** के राजत्व काल का ककरेडी के महाराणक **सलखणवर्मदेव** का रीवां (अब बृटिश म्यूजियम) में दानपत्र जो ककरेड़ी में दिया गया था।

धाहिल्ल, वाजूक, दन्दूक, खोजूक, जयवर्मन, उसका पुत्र वत्सराज, उसके पुत्र कीर्तिवर्मन और सलखणवर्मन

(१९५)

वि० सं० १२५३—आ० स० इ० भाग ११ पृष्ठ १२९ । कन्नौज के एक अनुशासक का बेलखर स्तूप पर शिलालेख।

(१९६)

वि० सं० १२५६—इ० ए० भाग ११ पृष्ठ ७१ । चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** का पाटन में दानपत्र जो अणहिलपाटक में दिया गया था।

मूलराज प्रथम, चामुण्डराज, दुर्लभराज, भीम प्रथम, कर्णत्रैलोक्यमल्ल, जयसिंह-सिद्धयचक्रवर्तिन, कुमारपाल, अजयपाल, मूलराज द्वितीय, भीम द्वितीय, अभिनवसिद्धराज।

(१९७)

वि० सं० १२५६—इ० ए० भाग १६ पृष्ठ २५४ । परमार महाकुमार **उदयवर्मदेव** का भूपाल में दानपत्र जो रेवा के तट पर गुवाडाघट्ट में दिया गया था।

यशोवर्मन, जयवर्मन, महाकुमार लक्ष्मीवर्मन, महाकुमार हरिश्चन्द्र, उसका पुत्र महाकुमार उदयवर्मन।

(१९८)

वि० सं० १२५८—ज० ब० ए० सो० भाग १७ पृष्ठ २१२ तथा आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ ३७। चन्देल्ल **परमर्दिदेव** का कालञ्जर में शिलालेख जिसे उसने स्वयं सङ्कलित किया था।

(१९९)

वि० सं० १२६३—इ० ए० भाग ६ पृष्ठ १९४ । चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** का कडी में दानपत्र जो अणहिलपाटक में दिया गया था ।

(२००)

वि० सं० १२६२—बा०ग० भाग १ पृष्ठ ४७४ । महाराजाधिराज **उदयसिंहदेव** के राजत्वकाल का भिंमाल (श्रीमाल) में शिलालेख ।

(२०१)

वि० सं० १२६४—इ०ए० भाग ११ पृष्ठ ३३७ । चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** के राजत्वकाल का मेहर राजा **जगमल्ल** का तिमाणा में दानपत्र जो तिंबाणक में दिया गया था ।

(२०२)

वि० सं० १२६५—इ० ए० भाग ११ पृष्ठ २२१ । चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** के राजत्वकाल का आबू पर्वत पर शिलालेख, जिस समय परमार माण्डलिक **धारावर्षदेव** (जिसके युवराज प्रह्लादनदेव थे) चन्द्रावती में राज्य करते थे । यह लक्ष्मीधर द्वारा संकलित किया गया था ।

(२०३)

वि० सं० १२६६—इ० ए० भाग १८ पृष्ठ ११२ तथा इ० इ० नम्बर ११ । चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** के राजत्वकाल का रायल एशियाटिक सोसायटी में दानपत्र जो अणहिल्लपाटक में दिया गया था ।

(२०४)

वि० सं० १२६७—ज० ब०ए० सो० भाग ५ पृष्ठ ३७८ ।

परमार **अर्जुनवर्मदेव** का पिप्लिआनगर में दानपत्र जो मण्डपदुर्ग में दिया गया था।

परमार वंश में भोज, उसके पीछे उदयादित्य, उसका पुत्र **नरवर्मन,** उसका पुत्र यशोवर्मन, उसका पुत्र अजयबर्मन उसका पुत्र बिन्ध्यवर्मन, उसका पुत्र सुभटवर्मन, उसका पुत्र अर्जुन (अर्जुनवर्मन) जिसने जयसिंह को पराजित किया।

(२०५)

बि० सं० १२६९–आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ ५० । चन्देल्ल राजा **त्रैलोक्यवर्मदेव** के राजत्वकाल का अजयगढ़ में शिलालेख।

(२०६)

वि० सं० १२७०–ज० अ० ओ० सो० भाग ७ पृष्ठ ३२ । परमार महाराज **अर्जुनवर्मदेव** का भूपाल में दानपत्र जो भृगुकच्छ में दिया गया था।

(२०७)

वि० सं० १२७२–ज० अ० ओ० सो० भाग ७ पृष्ठ २५ । परमार महाराज **अर्जुनवर्मदेव** का भूपाल में दानपत्र जो रेवा और कपिला के सङ्गम पर अमरेश्वर तीर्थ में दिया गया था।

(२०८)

वि० सं० १२७२–ए० रि० बा० प्रे० पृष्ठ १८६ । मेहर राजा **रणसिंह** के समय का शियाल बेट मूर्ति का शिलालेख। इसका समय ठीक नहीं है।

(२०९)

वि० सं० १२७३–ए० इ० भाग २ पृष्ठ ४३९ तथा भा० इ० पृष्ठ १९५ । चौलुक्य **भीमदेव द्वितीय** के समय का वेरावल (सोमनाथदेव पट्टन) में खण्डित शिलालेख जिसमें श्रीधर और वस्त्राकुल वंश

के और लोगों तथा मूलराज प्रथम से लेकर भीमदेव द्वितीय तक अण-हिलवाड़ के चौलुक्य राजाओं की प्रशंसा है ।

(२१०)

वि० सं० १२७३—ज० ब० ए० सो० भाग १९ पृष्ठ ४९४। जौनपुर जिले का शिलालेख जिसमें एक रेहननामा है ।

(२११)

वि० सं० १२७४—बा० ग० भाग १ पृष्ठ ४७९ । महाराजाधिराज **उदयसिंहदेव** के राजत्वकाल का भिमाल (श्रीमाल) में खण्डित शिलालेख ।

(२१२)

वि० सं० १२(७)९—भा० इ० पृष्ठ २०९ । चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** के राजत्वकाल का भराणा का खण्डित शिलालेख।

(२१३)

वि० सं० १२७९—इ० ए० भाग २० पृष्ठ ३११ तथा के० टे० वे० इ० पृष्ठ ११० । धारा के परमार महाराजाधिराज **देवपालदेव** के राजत्वकाल का हरसौदा (अब अमेरिकन ओरिएण्टेल सोसायटी) में शिलालेख ।

(२१४)

वि० सं० १२७९—ए० इ० भाग ४ पृष्ठ ३११ । राजा (क्षितीन्द्र) **प्रताप** के समय का रोहतासगढ़ की चट्टान पर शिलालेख ।

(२१५)

वि० सं० १२८०—इ० ए० भाग ६ पृष्ठ १९६ । चौलुक्य महाराजाधिराज **जयन्तसिंहदेव** का कडी में दानपत्र जो अणहिलपुर में दिया गया था ।

मूलराज प्रथम, चामुण्डराज, वल्लभराज, दुर्लभराज, इसके आगे

भीम द्वितीय तक संख्या १९६ के ऐसा, उसके पश्चात् उसके स्थान पर जयन्तसिंह-अभिनवसिद्धराज।

(२१६)

वि० सं० १२८३—इ० ए० भाग ६ पृष्ठ १९९। चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** का कडी में दानपत्र जो अणहिलपाटक में दिया गया था।

मूलराज प्रथम, चामुण्डराज, वल्लभराज, दुर्लभराज, इसके पीछे भीम द्वितीय तक संख्या १९६ ऐसा।

(२१७)

वि० सं० १२८६—इ० ए० भाग २० पृष्ठ ८३। धारा के परमार **देवपालदेव** के राजत्वकाल का उदयपुर (ग्वालियर) में शिलालेख।

(२१८)

वि० सं० १२८७—इ० ए० भाग ६ पृष्ठ २०१। चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** का कडी में दानपत्र जो अणहिलपाटक में दिया गया था। इसका समय ठीक नहीं है।

(२१९)

वि० सं० १२८७(?)—काथवटे सम्पादित सोमेश्वरकृत कीर्तिकौमुदी, एपेंडिक्स बी० तथा भा० इ० पृष्ठ २१८। चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** तथा चन्द्रावती के परमार महामण्डलेश्वर राजकुल सोमसिंहदेव (जिसका पुत्र कान्हणदेव था) के राजत्वकाल का आबू पर्वत पर शिलालेख जिसमें लवणप्रसाददेव के पुत्र चौलुक्य(बघेला) महामण्डलेश्वर राणक **वीरधवलदेव** का वर्णन है।

(२२०)

वि० सं० १२८७(?)—ए० री० भाग १६ पृष्ठ ३०२। काथ-

वटे सम्पादित सोमेश्वरकृत-कीर्तिकौमुदी एपेंडिक्स ए०, तथा भा० इ० पृष्ठ १७४। आबू पर्वत का शिलालेख जिसमें वीरधवल के मंत्री वस्तु-पाल और तेजहपाल की (सोमेश्वर से) प्रशंसा है और चौलुक्य (बघेला) अर्णोराज, लवणप्रसाद और **वीरधवल** तथा चन्द्रावती के परमार धूमराज, धन्धुक, ध्रुवभट, रामदेव, उसके छोटे भाई यशोधवल (जिसने चौलुक्य कुमारपाल के शत्रु, मालव के राजा बल्लाल को परा-जित किया), उसके पुत्र धारावर्ष, उसके छोटे भाई प्रह्लादन (जो सामन्तसिंह से लडा) धारावर्ष के पुत्र **सोमसिंहदेव** और उसके पुत्र कृष्णराजदेव का वर्णन है।

(२२१)

वि० सं० १२८८—इ० ए० भाग ६ पृष्ठ २०३। चौलुक्य महा-राजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** का कडी में दानपत्र जो अणहिलपाटक में दिया गया था।

(२२२)

वि० सं० १२८८—आ० स० वे० इ० भाग २ पृष्ठ १७०। मंत्री वस्तुपाल और तेजहपाल के मन्दिर का गिरनार में शिलालेख जिसमें चौलुक्य (बघेला) लवणप्रसाददेव तथा उसके पुत्र **वीरधवलदेव** का वर्णन है।

(२२३)

वि० सं० १२८८ अथवा **१२८९**—आ० स० वे० इ० भाग २ पृष्ठ १७३ तथा ए० री० बा० प्रे० पृष्ठ ३१९। मंत्री वस्तुपाल का गिरनार में शिलालेख।

(२२४)

वि० सं० १२८९—इ० ए० भाग २० पृष्ठ ८३। धारा के परमार महाराजाधिराज **देवपालदेव** के राजत्वकाल का उदयपुर (ग्वालियर) में शिलालेख।

(२२५)

वि० सं० १२९५–इ० ए० भाग ६ पृष्ठ २०५ । चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** का कड़ी में दानपत्र जो अणहिल्ल-पाटक में दिया गया था ।

(२२६)

वि० सं० १२९६–इ० ए० भाग ६ पृष्ठ २०६ । चौलुक्य महाराजाधिराज **भीमदेव द्वितीय** का कड़ी में दानपत्र जो अणहिल्ल-पाटक में दिया गया था ।

(२२७)

वि० सं० १२९६–ए० इ० भाग १ पृष्ठ ११९ । कीरग्राम में वैद्यनाथ के मन्दिर का जैन शिलालेख ।

(२२८)

वि० सं० १२९७–इ० ए० भाग १७ पृष्ठ २३१ । त्रिकलि-ङ्गाधिपति चन्देल्ल महाराजाधिराज **त्रैलोक्यवर्मदेव** के राजत्वकाल का ककरेडी के महाराणक **कुमारपालदेव** का रीवां (अब वृटिश म्यूजि-यम) में दानपत्र ।

कौरव वंश में महाराणक धीहिल्ल, उसका पुत्र दुर्जय, उसका पुत्र शोजवर्मन, उसका पुत्र जयवर्मन, उसका पुत्र वत्सराज, उसका पुत्र सलक्षणवर्मन उसका पुत्र हरिराज, उसका पुत्र कुमारपाल ।

(२२९)

वि० सं० १२९८–इ० ए० भाग १७ पृष्ठ २३५ । चन्देल्ल महाराज **त्रैलोक्यमल्ल** के राजत्वकाल का ककरेडी के महाराणक **हरि-राजदेव** का रीवां (अब वृटिश म्यूजियम) में दानपत्र ।

धाहिल्ल से वत्सराज तक संख्या २२८ में वत्सराज का पुत्र की-र्तिवर्मन, उसका भाई सलषणवर्मन, उसका पुत्र [ब] आह [ड़] वर्मन, उसका भाई हरिराज ।

(२३०)

वि० सं० १२९९—इ० ए० भाग ६ पृष्ठ २०८ । चौलुक्य महाराजाधिराज **तृभुवनपालदेव** का कड़ी में दानपत्र जो अणहिल्लपाटक में दिया गया था ।

मूलराज प्रथम से भीम द्वितीय तक के लिये संख्या २१६ देखो; भीम द्वितीय के पश्चात त्रिभुवनपाल ।

(२३१)

वि० सं० १३००—ए० री० पृष्ठ १८६ । शियालबेट की मूर्ति का शिलालेख ।

(२३२)

वि० सं० १३०५—बा० ग० भाग १ पृष्ठ ४७६ । महाराजाधिराज [**उदय**] **सिंहदेव** के राजत्वकाल का भिमाल (श्रीमाल) में खण्डित शिलालेख ।

(२३३)

वि० सं० १३११—ए० इ० भाग १ पृष्ठ २५ । वीरधवल के पुत्र चौलुक्य (बघेला) **वीसलदेव** का दभोई का खण्डित शिलालेख जिसे सोमेश्वर मे सङ्कलित किया ।

(२३४)

वि० सं० १३१२—इ० ए० भाग २० पृष्ठ ८४ । धारा के परमार महाराजाधिराज **जयसिंहदेव** के राजत्वकाल का राहतगढ़ में शिलालेख ।

(२३५)

वि० सं० १३१५—ए० रि० बा० प्रे० पृष्ठ १८६ । शियालबेट की मूर्ति का शिलालेख ।

(२३६)

वि० सं० १३१७—इ० ए० भाग ६ पृष्ठ ३१० । चौलुक्य

(वाघेला) महाराजाधिराज **वीसलदेव** के राजत्वकाल का कडी में दानपत्र जिसमें मण्डली के **लूणपसाजदेव** के पौत्र तथा संग्रामसिंहदेव के पुत्र महामण्डलेश्वर राणक **सामन्तसिंहदेव** के दान का उल्लेख है।

(२३७)

वि० सं० १३१७—ए० इ० भाग १ पृष्ठ ३२७ तथा आ० स० इ० भाग २१ चन्देल **वीरवर्मन** तथा उसकी रानी **कल्याणदेवी** का अजयगढ़ चट्टान का शिलालेख, जिसे वत्सराज के पौत्र तथा हरिपाल के पुत्र ने सङ्कलित किया।

चन्द्रवंश में कीर्तिवर्मन (जिस ने चेदी कर्ण को पराजित किया) उस का पुत्र सल्लक्षण, जयवर्मन, पृथ्वीवर्मन, मदन, परमर्दिन, त्रैलोक्यवर्मन, उस का पुत्र वीरवर्मन जिस ने महेश्वर और वीसलदेवी की पुत्री कल्याणदेवी से विवाह किया। यह वीसलदेवी कुमार गोविन्दराज की पुत्री थी और महेश्वर ददीचि जाति के चादल का पौत्र तथा श्रीपाल का पुत्र था।

(२३८)

वि० सं० १३१८—डाक्टर बरगेस की एक प्रतिलिपि से। चन्देल **वीरवर्मन** (?) का झांसी (अब लखनऊ म्यूजियम) में शिलालेख।

(२३९)

वि० सं० १३२०—इ० ए० भाग ११ पृष्ठ ३४२ तथा भा० इ० पृष्ठ २२४ चौलुक्य (वाघेला) महाराजाधिराज **अर्जुनदेव** के राजकाल का वीरावल में शिलालेख।

---

* ग्रन्थकार ने सर्वत्र शिलालेख लिखा है इस से यह नहीं कह सकते कि कौन ताम्रलेख है और कौन शिलालेख।

(२४०)

वि० सं० १३२०—बो० ग० भाग १ पृष्ठ ४७७। भिनमाल (श्रीमाल) का शिलालेख जिसे सुभट ने संकलित किया था।

(२४१)

वि० सं० १३२४—ज० ब० ए० सो० भाग ५५। पृष्ठ ४६। मेवाड़ के गुहिल महाराज **तेजहसिंहदेव** के राजकाल का चित्तौरगढ़ में शिलालेख।

(२४२)

वि० सं० १३२५—आ० स० इ० भाग ३ पृष्ठ १२७, **गयासुद्दीन बलबन** (?) के समय का **वनराजदेव** (?) का गया में शिलालेख।

(२४३)

वि० सं० १३२५—आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ ५१, **चन्देल वीरवर्मन** के राजकाल का अजयगढ़ में शिलालेख।

(२४४)

वि० सं० १३२६—डाक्टर हुल्श की प्रतिलिपि से, धारा के परमार **जैसिंघदेव** (जयसिंहदेव) के राजकाल का पथारी में शिलालेख।

(२४५)

वि० सं० १३२९—इ० ए० भाग ११ पृष्ठ १०६, कोदिणार का शिलालेख जिसमें चौलुक्य (वाघेला) वीसलदेव के कवि **नानाक** की प्रशंसा है और जिसे गणपतिव्यास ने सङ्कलित किया था।

(२४६)

वि० सं० १३३०—बो० ग० भाग १ पृष्ठ ४७८, भिनमाल (श्रीमाल) का खण्डित शिलालेख जिसमें महाराजाधिराज **उदयसिंहदेव** का नाम आया है—इसे सुभट ने संकलित किया।

(२४७)

वि० सं० १३३१—इ० ए० भाग २२ पृष्ठ ८०, भा०इ० पृष्ठ ७४, तथा आ० स० इ० भाग २३, मेदपाट (मेवाड) के गुहिलवंश का चित्तोर में शिलालेख जिसे वेदशर्मन ने संकलित किया। इस में नीचेलिखे राजाओं की प्रशंसा है—बप्पा, गुहिल, भोज, श्रील, कलभोज, मल्लट, भर्तृभट, सिंह, महायक, शुम्माण, अल्लट, नरवाहन, शक्तिकुमार, आमूप्रसाद, शुचिवर्मनि, नरवर्मन।

(२४८)

वि० सं० १३३२—इ० ए० भाग २१ पृष्ठ २७७। चौलुक्य (बाघेला) महाराजाधिराज **सारङ्गदेव** के राजकाल का खोखा का खण्डित शिलालेख।

(२४९)

वि० सं० १३३३—बो० ग० भाग १ पृष्ठ ४८०, महाराजकुल [चा] **चिगदेव** के राजकाल का भिनमाल (श्रीमाल) में शिलालेख जिसे सुभट ने संकलित किया।

(२५०)

वि० सं० १३३४—बो० ग० भाग १ पृष्ठ २८१, महाराजकुल **चाचिग** के राजकाल का भिनमाल (श्रीमाल) में शिलालेख।

चाहुमान वंश में महाराजकुल समरसिंह ; उसका पुत्र महाराजाधिराज उदयसिंहदेव ; उसका पुत्र वाहड़सिंह ; और [उसका पुत्र ?] चामुण्डराजदेव।

(२५१)

वि० सं० १३३२—ज० ब० ए० सो० भाग २२ पृष्ठ ८०। मेदपाट (मेवाड) के तेजहसिंह और उनकी स्त्री जयतल्लदेवी के पुत्र गुहिल सामर सिंह के राजकाल का चित्तौरगढ़ में शिलालेख।

(२५२)

वि० सं० १३३५—डाक्टर वरगेस की एक प्रतिलिपि से, चौलुक्य (बाघेला) महाराजाधिराज **सारङ्गदेव** के राजकाल का बृटिश म्यूजियम में शिलालेख।

(२५३)

वि० सं० १३३७—ज० ब० ए० सो० भाग ४३ पृष्ठ १०३, हम्मीर **गयासदीन (गिया सुद्दीन वलबन)** के समय का रोहतक जिले के बोहेर गांव की "पालम बावली" का शिलालेख।

हरियाणक देश में पहिले तोमर लोग राज्य करते थे, उसके पश्चात् चौहान लोग और उसके पश्चात् निचेलिखे शक राजालोग साहवदीन (शहाबुद्दीन गोरी), शुद्दुवदीन (कुतवुद्दीन ऐवक), असमसदीन (शमसुद्दीन अल्तमिश), पेरुज-साहि (रुक्नुद्दीन फीरोजशाह प्रथम) जलालदीन (जलालुद्दीन), मौजदीन (मुईजुद्दीन बहराम), अलावदीन (अलाउद्दीन ममऊद), नसरदीन (नासिरुद्दीन महमूद), और गयासदीन (गियासुद्दीन वलवन)।

(२५४)

वि० सं० १३३७—आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ ५२। चन्देल **वीरवर्मदेव** के राजकाल का अजयगढ़ की चट्टान पर शिलालेख।

(२५५)

वि० सं० १३३७—आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ ७४। कालञ्जराधिपति चन्देल महाराजाधिराज **वीरवर्मदेव** का राहि में दानपत्र,

चन्द्रात्रेय राजकुमारों के वंश में मदनवर्मन, त्रैलोक्यवर्मन, वीरवर्मन 'इस वंश में प्रसिद्ध ये लोग हुए, जयशक्ति और विजयशक्ति आदि।

(२५६)

वि० सं० १३३९—बो० ग० भाग १ पृष्ठ २८३, महाराज-

कुल **साम्वतसिंहदेव** (?) के राजकाल का भिनमाल (श्रीमाल) में खण्डित शिलालेख।

(२९७)

वि० सं० १३४०—ए० इ० भाग ४ पृष्ठ ३१३ , महाराजकुल **साम्य (म ?) न्तसिंहदेव** के राजकाल का **रूपादेवी** का 'बुत्रे' (अब जोधपुर) में शिलालेख।

समरसिंह; उस का उत्तराधिकारी उदयसिंह; उस का पुत्र चाहुमान चात्र (चाच ?); उस की पुत्री (लक्ष्मीदेवी से) रूपादेवी जो राजा तेजसिंह की पत्नी हुई और जिस का पुत्र क्षेत्रसिंह हुआ।

(२९८)

वि० सं० १३४०—डाक्टर बरगेस की एक प्रतिलिपि से, कालञ्जर का शिलालेख।

(२९९)

वि० सं० १३४२—डाक्टर हार्नली की एक प्रतिलिपि से। चन्देल **वीरवर्मदेव** के राजकाल का गर्ह का शिलालेख जिसमें एक स्त्री के सती होने का वर्णन है।

(२६०)

वि० सं० १३४२—इ० ए० भाग १६ पृष्ठ ३४७ तथा भा० इ० पृष्ठ ८४ , मेदपाट (मेवाड) के गुहिल **समरसिंह** का आबू पर्वत पर शिलालेख (?) जिसे प्रियपटु के पुत्र वेदशर्मन ने संकलित किया था। इस शिलालेख में नीचेलिखे गुहिल राजाओं की प्रशंसा है वप्प (वप्पत्र) गुहिल भोज, शील कालभोज, भर्तृभट, सिंह, महाजिक, शुम्मान (खुम्मन), ऊल्लट, नरवाहन, शक्तिकुमार, शुचिवर्मन, नरवर्मन, कीर्तिवर्मन, वैरट, वैरिसिंह, विजयसिंह, अरिसिंह, चोड़, विक्रमसिंह, क्षेमसिंह, सामन्तसिंह, कुमारसिंह, मथनसिंह, पद्मसिंह, जैत्रसिंह, तेतहसिंह, और समरसिंह।

(२६१)

वि० सं० १३४२—बो० ग० पुस्तक भाग १ पृष्ठ ४८४ । महाराजकुल **साम्बत्ससिंहदेव** (?) के राजकाल का भिनमाल (श्रीमाल) में शिलालेख ,

(२६२)

वि० सं० १३४३—इ० इ० भाग १ पृष्ठ २८० , चौलुक्य (बाघेला) **सारङ्गदेव** के समय का वीरावल (अब सिन्ट्र) में शिलालेख जिसे धन्ध के पुत्र धरणीधर ने संकलित किया था ।

विश्वमल्ल (वीसलदेव जिस ने नागल्लदेवी से विवाह किया); उस का छोटा भाई प्रतापमल्ल, उस का पुत्र (विश्वमल्ल का उत्तराधिकारी) अर्जुनदेव, उस का पुत्र सारङ्गदेव ।

(२६३)

वि० सं० १३४३—ए० रि० बो० प्रे० पृष्ठ १८६ , शिलालवेट की मूर्ति का शिलालेख ।

(२६४)

वि० सं० १३४४—ज० ब० ए० सो० भाग ५५ पृष्ठ १९ मेदपार (मेवाड) के गुहिल समस्तमहाराजकुल **समरसिंह** का उदयपुर (राजपूताना) में शिलालेख ।

(२६५)

वि० सं० १३४५—ज० ब० ए० सो० भाग ६ पृष्ठ ८८२ , चन्देल **भोजवर्मन** के मन्त्री नान का अजयगढ़ (अब कलकत्ता म्यूजियम) में शिलालेख जिसे अमर ने संकलित किया ।

(२६६)

वि० सं० १३४५—बो० ग० भाग १ पृष्ठ २८६ , महाराज कुल **साम्बत्ससिंहदेव** (?) के राजकाल का भिनमाल (श्रीमाल) में में शिलालेख ।

(२६७)

वि० सं० १३४२—इ० ए० भाग २२ पृष्ठ ८२, नलपुर के गोपाल के पुत्र **गणपति** के राजकाल का सर्वग में शिलालेख जिसे सोमधर के पुत्र सोमामिश्र ने संकलित किया।

(२६८)

वि० सं० १३५२—भा० इ० पृष्ठ २२७, चौलुक्य (वाघेला) **सारङ्गदेव** के समय का केम्बे में खण्डित शिलालेख जिसमें लुणिगदेव उस के पुत्र बीरधवल, प्रतापमल्ल, उसके पुत्र अर्जुन, और सारङ्गदेव का वर्णन है।

(२६९)

वि० सं० १३५३—आ० स० इ० भाग ११ पृष्ठ ११८, जौनपुर स्तूप का शिलालेख।

(२७०)

बि० सं० १३५५—इ० ए० भाग २२ पृष्ठ ८१, नलपुर के **गणपति** के राजकाल का नरवर में शिलालेख जिसे दामोदर के पौत्र तथा लोहड के पुत्र शिव ने संकलित किया था।

चाहड़, उसका पुत्र नृवर्मन, उसका पुत्र आसल्लदेव, उसका पुत्र गोपाल, उसका पुत्र गणपति।

(२७१)

वि० सं० १३६०—इ० ए० भाग २० पृष्ठ ८२ **हरिराजदेव** (?) का उदयपुर (ग्वालियर) में शिलालेख।

(२७२)

वि० सं० १३६६—इ० ए० भाग २० पृष्ठ ८२, [धारा के?] [परमार ?] महाराजाधिराज **जयसिंघदेव** के राजकाल का उदयपुर (ग्वालियर) में शिलालेख।

(२७३)

वि० सं० १३७२—आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ ९२, अजयगढ़ के द्वार के स्तूप पर का शिलालेख।

(२७४)

वि० सं० १३७३—डाक्टर फुह्रेर की प्रतिलिपि से। सुलतान **कुतबुदी** (**कुत्बुद्दीन**) के राजकाल का जोधपुर में शिलालेख।

(२७५)

वि० सं० १३७७—ए० रि० भाग १६ पृष्ठ २८२। आबू पर्वत का एक खण्डित शिलालेख।

इस शिलालेख में सिन्धुपुत्र, लक्ष्मण, शाकम्भरी का माणिक्य, अधिराज (?)............दन्दन (?), कीर्तिपाल, समरसिंह, उदयसिंह, मानवसिंह, प्रताप, आदि का वर्णन है।

(२७६)

वि० सं० १३८०—सर ए० कनिंघम की एक प्रतिलिपि से, उदयपुर (ग्वालियर) का शिलालेख।

(२७७)

वि० सं० १३८४—प्रो० ब० ए० सो० १८७३ पृष्ठ १०९, महमन्द साहि (मुहम्मद इब्न तुग़लक़) के समय का दिल्ली म्यूजियम में शिला लेख।

(२७८)

वि० सं० १३८४—ए० इ० भाग १ पृष्ठ ९३। महम्मद साहि (मुहम्मद इब्न तुग़लक़) के समय का दिल्ली म्यूजियम में एक दूसरा शिलालेख।

इस शिलालेख में म्लेच्छ सहावदीन (शहाबुद्दीन गोरी) को प्रथम 'तुरस' लिखा है जिसने ढिल्लिका (दिल्ली) में राज्य किया।

(२७९)

वि० सं० १३८४—इ० ए० भाग १९ पृष्ठ ३६० । मेहर के नायक **ठेपक** (**टेवक**) का हाथसिना (अब भावनगर म्यूजियम) में शिला लेख । इस लेख में पहिले **चन्द्र** (?) वंश में एक राजा शगार (खणर) का वर्णन है, जिस के बंश में जसधवल (यशो धवल) हुआ जिस ने सूर्यवंश की प्रियमला से विवाह किया और उस से तीन पुत्र, **मल्ल**, मण्डल और मेलिग हुए । इस लेख में फिर लिखा है कि वाशलराज (वाखलराज) के वंश में नागार्जुन (मण्डलीक का मित्र) हुआ, जिस के पुत्र महानन्द ने मङ्गलराज (?) की कन्या रूपा से बिवाह किया । इस से टेपक उत्पन्न हुआ । इस मेहर ठेपक को राजा महिस ने राजपदवी दी और बह बल्लादित्य के बंशवाले (जो सूर्य विकल का वंशज था) राजा कुन्तराज के आधीन था ।

(२८०)

वि० सं० १३८७—आ० स० वे० ३० नम्बर २ ' चन्द्रा-वती के चाहुमान **तेजसिंह** (?) के राजकाल का आबूपर्वत पर शिलालेख '

(२८१)

वि० सं० १३९०—आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ १४३ । केवटी-कुण्ड के स्तूप का शिलालेख ।

(२८२)

वि० सं० १३९०—ज० व० ए० सो० भाग ५ पृष्ठ ३४२ । **मुहम्मद इब्न तुग़लक़** (?) के समय का चुनार के दुर्ग में शिला-लेख ।

(२८३)

वि० सं० १३९४—सर ए० कनिंघम की एक प्रति लिपि से । उदयपुर (ग्वालियर) के दो शिलालेख ।

(२८४)

वि० सं० १३२४—इ० ए० भाग २ पृष्ठ २१६। चन्द्रावती के तेजसिंह के पुत्र चाहुमान राजा **कान्हणदेव** के राजकाल का आबूपर्वत पर शिलालेख।

(२८५)

वि०सं० १३९७—आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ १४३। लूकस्थान के महाराज **हमीरदेव** के राजकाल के केवर्टाकुण्ड के तीन स्मारक स्तूपों के शिलालेख।

(२८६)

वि० सं० १४०४—आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ १९। **सिधितुङ्ग** (?) के राजकाल का मर्फ दुर्ग पर शिलालेख।

(२८७)

वि० सं० १४०४—आ० स० इ० भाग ९ पृष्ठ २४। महाराज **वीरराजदेव** (?) की रानियों के सती स्तूपों के रामपुर में शिलालेख।

(२८८)

वि० सं० १४१२—आ० स० इ० भाग ९। उचहुडनगर के महाराज **वीररामदेव** के राजकाल का कारीतलाई में शिलालेख।

(२८९)

वि० सं० १४२९—इ० ए० भाग २० पृष्ठ ३१४। सुलतान **पियरोज साह (फ़ीरोज शाह)** के राजकाल में गया के अनुशासक **कुलचन्द** का गया में शिलालेख।

ठाकुर कुलचन्द (कुलचन्दक), कुमार व्याघ्र (व्याघ्रराज) के वंश के टाकुर ढाला के पौत्र तथा ठाकुर हेमराज के पुत्र थे।

(२९०)

वि० सं० १४३७—इ० ए० भाग ८ पृष्ठ १८६ तथा ए० रि० वा० प्रे० पृष्ठ १८१। प्रभास के वाजक नायक **भर्म** तथा उसके मन्त्री कर्मसिंह के समय का धामलेज में शिलालेख।

(२९१)

वि० सं० १४३९—आ० स० इ० भाग ६ पृष्ठ ७९। बाउ-गूजर वंश के आसलदेव के पुत्र महाराजाधिराज **गोगादेव** के समय का और सुलतान **पीरोजसाहि (फीरोजशाह)** के राजकाल का माचाडी (अलवर के निकट) में शिलालेख।

(२९२)

वि० सं० १४४२—ए० रि० वा० प्रे० पृष्ठ १८९। राष्ट्रोड (राष्ट्रकूट) वंश के नायक **भर्म** के समय का वीरावल में शिलालेख।

(२९३)

बि० सं० १४४३—आ० स० इ० भाग ३ पृष्ठ ६८। महा-सार के राजा **नाथदेव** के राजकाल का मसार (महासार) की जैन-मूर्ति पर शिलालेख।

(२९४)

वि० सं० १४४५—आ० स० इ० भाग १७ पृष्ठ ४१। बीरमदेव के सतीस्तूप का शिलालेख।

(२९५)

वि० सं० १४४५—ए० रि० वा० प्रे० पृष्ठ १७८। चूडा-समा के कुछ नायकों का वन्थली (जूनागढ़) में शिलालेख।

इस शिलालेख में शङ्गार (खङ्गार), जयसिंह, महिपति, मोकल-सिंह आदि का वर्णन है।

(२९६)

वि० सं० १४४५—ए० रि० वा० प्रे० पृष्ठ १८३। पतुंश-वंश के कुछ नायकों का चोरवाड (जूनागढ़) में शिलालेख।

इस शिलालेख में लूणिग, उसके पुत्र भीमसिंह, उसके पुत्र लावण्यपाल, उसके पुत्र लक्ष्मसिंह, लक्ष्म और लक्षणपाल, लक्ष्मसिंह के पुत्र राजसिंहआदि का वर्णन है।

(२९७)

वि० सं० १४५२–ए० रि० पृष्ठ १७९। योगिनी पुर (दिल्ली) के **नसरथ** (**नसरत शाह**) और गुजरात के दफ़र ख़ां (जफ़र ख़ां) के समय का मङ्ग्रोल में शिलालेख।

(२९८)

वि० सं० १४५५–मिथिला के देवसिंह के पुत्र महाराजाधिराज **शिवसिंहदेव** का विहार (दरभङ्गा) (सन्दिग्ध?) में दानपत्र जो पण्डितविद्यापतिको दिया गया था।

(२९९)

वि० सं० १४५८–इ० ए० भाग २२ पृष्ठ ८२। रायपुर के महाराजाधिराज ब्रह्मदेव तथा उसके मंत्री नायक हाजिराजदेव के समय का रायपुर (अब नागपुर म्यूजियम) में शिलालेख।

लशमिदेव (लक्ष्मीदेव), उसका पुत्र सिंघ (सिंह), उसका पुत्र रामचन्द्र, उसका पुत्र हरिरायब्रह्मन (ब्रह्मदेव अथवा रायब्रह्मदेव)

(३००)

वि० सं० १४६६–आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ १८। महिपति **परमर्दिन** का रासिन में शिलालेख।

(३०१)

वि० सं० १४६७–ज० ब० ए० सो० भाग ३१ पृष्ठ ४२२। महाराजाधिराज **वीरङ्ग** (अथवा (**वीरम?**) **देव** का ग्वालियर में शिलालेख।

(३०२)

वि० सं० १४७०—(१४७१ के स्थान पर)—ए० इ० भाग २ पृष्ठ २३० खलवाटिका के कलचुति (कलचुरी) **हरिब्रह्मदेव (ब्रह्मदेव)** के समय का खलारी में शिलालेख जिसे मिश्रदामोदर ने सङ्कलित किया था।

अहिहय (हैहय) वंश के कलचुति (कलचुरी) शाखा में सिंहण, उस का पुत्र रामदेव (जिस ने भोणिङ्गदेव को लड़ाई में मार डाला), उस का पुत्र हरिब्रह्मदेव।

(३०३)

वि० सं० १४७३—ए० रि० वा० प्रे० पृष्ठ १७६। चूडासमा के नायक **जयसिंह द्वितीय** के समय का जूनागढ़ (गिरनार) में शिलालेख जिसे धाँधल के पौत्र तथा मंत्रीसिंह के पुत्र शामल ने सङ्कलित किया।

यदुवंश में मण्डलीक प्रथम, उसका पुत्र महिपाल, उस का पुत्र खङ्गार, उस का पुत्र जयसिंह प्रथम, उसका पुत्र मुक्तसिंह, उस का पुत्र मण्डलीक द्वितीय, उस का छोटा भाई मेलिग, उस का पुत्र जयसिंह द्वितीय।

(३०४)

वि० सं० १४८१—ज० ब० ए० सो० भाग ५२ पृष्ठ ७०। **साहि आलम्भक** मालवा का **हुशङ्गगोरी** उर्फ **अलप खां** (जिस ने माण्डू [मण्डपपुर] को बसाया) के समय का देवगढ़ (अब कलकत्ता म्यूजियम) का जैन शिलालेख।

(३०५)

वि० सं० १४८५—ए० इ० भाग २ पृष्ठ ४१० तथा भा० इ० पृष्ठ ९६। मादपाट (मेवाड) के गुहिल **मोकल** का चित्तौरगढ़ में शिलालेख जिसे भट्टविष्णु के पुत्र एकनाथ ने सङ्कलित किया।

गुहिलवंश में अरिसिंह, उस का पुत्र हम्मीर, उस का पुत्र क्षेत्र,

उस का पुत्र लक्षसिंह, उसका पुत्र मोकल (जिसने यवनों के राणा पीरोज अर्थात सुलतान फीरोजशाह को पराजित किया)।

(३०६)

वि० सं० १४९३—डाक्टर बर्गेस की एक प्रतिलिपि से देवगढ का जैन शिलालेख।

(३०७)

वि० सं० १४९४—भा० इ० पृष्ठ ११२। मेदपाट (मेवाड़) के मोकल के पुत्र गुहिल कुम्भकर्ण के राजकाल का नागड़ में जैन शिलालेख।

(३०८)

वि० सं० १४९६—ज० ब० ए० सो० भाग १६ पृष्ठ १२२४। **भैरवेन्द्र** का ऊमंगा (बिहार) में शिलालेख।

ऊमंगा नगर में चन्द्रवंशी भूमिपाल था, उस का पुत्र कुमारपाल, उस का पुत्र लक्ष्मणपाल उस का पुत्र चन्द्रपाल उस का पुत्र नयनपाल उस का पुत्र सबढपाल, उस का पुत्र अभयदेव, उस का पुत्र भल्लुदेव, उस का पुत्र केशिराज, उस का पुत्र वरसिंहदेव, उस का पुत्र भानुदेव, उस का पुत्र सोमेश्वर, उस का पुत्र भैरवेन्द्र।

(३०९)

वि० सं० १४९६—भा० इ० पृष्ठ ११४ तथा प्रा० लें० मा० भाग २ पृष्ठ २८। मेदपाट (मेवाड़) के गुहिल राणाकुम्भकर्ण के राजकाल का सादडी में जैन शिलालेख।

इस शिलालेख में निम्नलिखित गुहिल राजाओं की नामावली है:—

बप्प, गुहिल, भोज, शील, कालभोज, भर्तृभट, सिंह, महायक, खुम्माण, अल्लट, नरवाहन, शक्तिकुमार, सुचिवर्मन, कीर्तिवर्मन, योगराज, वंशपाल, वैरिसिंह, वीरसिंह, अरिसिंह, चोडसिंह, विक्रमसिंह, रणसिंह, खेमासिंह

सामन्तसिंह, कुमारसिंह, मथनसिंह, पद्मसिंह- जैत्रसिंह, तेजस्विसिंह, समरसिंह, भुवनसिंह, (जिसने चाहुमान राजा कौतुक और सुलतान, अल्लावर्दीन को पराजित किया), उस का पुत्र जयसिंह, लक्ष्मसिंह (जिस ने मालव राजा गोगादेव को पराजित किया), उस का पुत्र अजयसिंह, उस का भाई अरिसिंह, हम्मीर, खेतसिंह, लक्ष, उस का पुत्र मोकल, कुम्भकर्ण ।

(३१०)

वि० सं० १४९७—ज० ब० ए० सो० भाग ३१ पृष्ठ ४२२। महाराजाधिराज **डुङ्गरेन्द्रदेव** के राजकाल का ग्वालियर में शिलालेख ।

(३११)

वि० सं० १५००—भा० इ० पृष्ठ १६२ तथा प्रा० के० मा० भाग २ पृष्ठ २६ महुवा का शिलालेख जिस में गुहिल्ल सारङ्ग की पृथ्वी पर श्रेष्ठिन् मोकल के तालाब बनाने का वर्णन है ।

(३१२)

वि० सं० १५०३—सर ए० कानिंघम की प्रतिलिपि से । उदयपुर (ग्वालियर) का शिलालेख ।

(३१३)

वि० सं० १५१०—ज० ब० ए० सो० भाग ३१ पृष्ठ ४२३ तथा डाक्टर बर्गेस की एक प्रतिलिपि । महाराजाधिराज **डुङ्गरेन्द्रदेव** के राजकाल का ग्वालियर में शिलालेख ।

(३१४)

वि० सं० १५१५—आ० स० इ० भाग २३ । चित्तौरगढ़ में गुहिल **कुम्भकर्ण** के कीर्तिस्तम्भ के ऊपरी भाग का शिलालेख ।

(३१५)

वि० सं० १५१६—आ० स० इ० भाग ३ पृष्ठ १३१ । गया में गयासुरी देवी के मन्दिर का शिलालेख । सर ए० कनिङ्घम के लिये

जो वृतान्त लिखा गया था उस के अनुसार इस लेख में निम्नलिखित नाम हैं—

सिन्धुराज, दामी (प्रथम); सन्देवर; दामी (द्वितीय); महीपाल; देवीदास; सूर्यदास; उस का पुत्र शक्तिसिंह, उस का पुत्र मदन ।

(३१६)

वि० सं० १५४५—भा० इ० पृष्ठ ११७। मेदपाट (मेवाड़) के कुम्भकर्ण के पुत्र गुहिल **राजमल्ल** के समय का उदयपुर (राजपुताना) में शिलालेख जिसे केशव-झोटिङ्ग के पौत्र तथा अतृ के पुत्र महेश्वर ने सङ्कलित किया था ।

इस शिलालेख में गुहिल राजा अरिसिंह, हमीर, क्षेत्रसिंह, लक्षसिंह, मोकल, कुम्भकर्ण तथा राजमल्ल की विशेषतः प्रशंसा है ।

(३१७)

वि० सं० १५५३—ए० रि० बा० प्रे० पृष्ठ २६६ । बोरसद में एक कुएं की सीढ़ी पर का शिलालेख ।

(३१८)

वि० सं० १५५५—ए० रि० बा० प्रे० पृष्ठ २६४ । पातसाह महमूद (सुलतान महमूद बेकर) के राजकाल का दण्डाहिदेश के बाघेल **वीरसिंह** की पत्नी राणी **रुडादेवी** का अडालिज के कुएं का शिलालेख ।

बाघेल मोकलसिंह, उस का पुत्र कर्ण, उस का पुत्र मूलराज, उस का पुत्र महीप, उस का पुत्र वीरसिंह जिस ने रुडादेवी से विवाह किया, उन के पुत्र वरसिंह और जेत्र (? जैत्र)

(३१९)

वि० सं० १५५६—इ० ए० भाग ४ पृष्ठ ३६८ तथा ए० रि० बा० प्रे० पृष्ठ २९४ और ए० इ० भाग ४ पृष्ठ २९८ । **पातुसाह महमूद (सुलतान महमूद बेकर)** के राजकाल का **बाईहरीर** का अहमदाबाद के कुएं का शिलालेख ।

(३२०)

वि० सं० १५५६ तथा १५६१—ज० ब० ए० सो० भाग ५६ पृष्ठ ७९। मेदपाट (मेवाड़) के गुहिल **राजमल्ल** (कुम्भकर्ण का पुत्र) तथा उसकी पत्नी **शृंगारदेवी** [जो कि मरुस्थलि (मारवाड़) के रणमल्ल के पुत्र राजकुमार योध की पुत्री थी] कानगरी (चित्तौर के निकट) में शिला लेख जिसे जोटिङ्गकेशव के पौत्र तथा अतृ के पुत्र महेश ने सङ्कलित किया था।

(३२१)

वि० सं० १५५७(?)—गुहिल रायमल्ल (राजमल्ल) के राजकाल का नारलै में शिलालेख।

(३२२)

वि० सं० १५८१—आ० स० इ० भाग ५ पृष्ठ १४४। सुलतान **इब्राहीम लोदी** के राजकाल का दिल्ली सिवालिक स्तूप पर शिलालेख।

(३२३)

वि० सं० १५८७—ए० इ० भाग २ पृष्ठ ४२ तथा भा० इ० पृष्ठ १३४। पुण्डरीक के मन्दिर के सप्तम जीर्णोद्धार का शिलालेख जिस में गुजरात के सुलतान महिमूद (महमूद बेकर), मदाफर साह (मुजफ्फर द्वितीय) और बाहदर साह (बहादुर) तथा चित्रकूट के गुहिल राजा कुम्भराज, उस के पुत्र राजमल्ल, उस के पुत्र संग्रामसिंह और उस के पुत्र रत्नसिंह का वर्णन है। इसे लावण्यसमय ने संकलित किया था।

(३२४)

वि० सं० १५९५—प्रो० बँ० ए० सो० १८७५ पृष्ठ १६। सम्राट हुमाऊं (हुमायूं) के राजकाल का तिलबेगामपुर में शिलालेख।

(३२५)

वि० सं० १५९७ (१५५७ के स्थान पर ?)—भा० इ० पृष्ठ १४०। मेदपाट के कुम्भकर्ण के पुत्र गुहिल राणा रायमल्ल (राजमल्ल) तथा उस के पुत्र महाकुमार पृथ्वीराज के समय का नारले में शिलालेख।

(३२६)

वि० सं० १६४६—प्रो० ब० ए० सो० १८७१ पृष्ठ ८३। सम्राट् अकबर तथा उस के मंत्री टोडरमल के समय का बनारस में शिलालेख।

(३२७)

वि० सं० १६५०ए० इ० भाग २ पृष्ठ ५०। शत्रुञ्जय आदीश्वर के मन्दिर का शिलालेख जिस में तपागच्छ के कुछ जनों की प्रशंसा तथा सम्राट अकब्बर (अकबर) का वर्णन है। इसे हेमविजय ने सङ्कलित किया था।

(३२८)

वि० सं० १६५१ तथा १६५२—ए० इ० भाग १ पृष्ठ ३२३ अणहिलवाड में वाडीपुर—पार्श्वनाथ के मन्दिर का शिलालेख जिस में वृहत—खरतर गच्छ की पट्टावली है। इस का समय सम्राट अकब्बर (अकबर) के राजकाल का है।

(३२९)

वि० सं० १६५२—इ० ए० भाग २ पृष्ठ ५९। सम्राट अकबर के राजकाल का शत्रुञ्जय का जैन शिलालेख।

(३३०)

वि० सं० १६५४—प्रो० ब० ए० सो० १८७६ पृष्ठ ११०। महाराजाधिराज मानसिंह के समय का रोहतास में शिलालेख।

(३३१)

वि० सं० १६५४—भा० ३० पृष्ठ १४४। मेवाड के महाराणा **अमरसिंहजी** के राजकाल का सादडी में शिलालेख।

(३३२)

वि० सं० १६७५—ए० इ० भाग २ पृष्ठ ६०। सम्राट **जहांगीर** के राजकाल का शत्रुञ्जय का जैन शिलालेख।

(३३३)

वि० सं० १६७५ और १६७६—ए० इ० भाग २ पृष्ठ ६४। हाल्लार (हलार प्रान्त) में नवीनपुर (नवा नगर) के याम शत्रुशल्य के पुत्र जसवन्त के समय का शत्रुञ्जय में जैन शिलालेख।

(३३४)

वि० सं० १६८०—प्रो० ब० ए० सो० १८७५ पृष्ठ ८२। चन्द्रवंश के राजकुमार **वासुदेव** के समय का बनारस में शिलालेख।

(३३५)

वि० सं० १६८३—ए० इ० भाग २ पृष्ठ ६८। सम्राट जिहाणगीर (जहांगीर) के राजकाल का शत्रुञ्जय का जैन शिलालेख जिसे देवसागर ने सङ्कलित किया।

(३३६)

वि० सं० १६८६—ए० इ० भाग २ पृष्ठ ७२। सम्राट **शाहाज्याहां** (शाहजहां) के राजकाल का शत्रुञ्जय का जैन शिलालेख।

(३३७)

वि० सं० १६८८—ज० ब० ए० सो० भाग ८ पृष्ठ ६९९। रोहतास दुर्ग के कोथौटिय फाटक के ऊपर की पटिया पर तोमर **मित्रसेन** का शिलालेख जिसे कृष्णदेव के पुत्र शिवदेव ने संकलित किया था।

तोमर वंश में गोपाचल (ग्वालियर) में वीरसिंह, उस का पुत्र **उद्धरण**, उस का पुत्र वीरम, उस का पुत्र गणपति, उस का पुत्र डूंगुरसिंह (**डूंग**-

रसिंह ?), उस का पुत्र कीर्तिसिंह, उस का पुत्र कल्याणसाहि, उस का पुत्र मानसाहि, उस का पुत्र विक्रमसाहि, उस का पुत्र रामसाहि, उस का पुत्र शालिबाहन, उस के पुत्र श्यामसाहि और मित्रसेन (जो शाहिजल्लालदीन के समकालीन थे)

(३३८)

वि० सं० १६८९–ए० इ० भाग १ पृष्ठ ३०१ । वि० सं० १२०८ के वडनगर शिलालेख (संख्या १३६) के पुनः नवीन करके देने का समय ।

(३३९)

वि० सं० १७१७–आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ १३१ । चम्बा का शिलालेख ।

(३४०)

वि० सं० १७१८, १७२२ तथा १७३२–भा० इ० पृष्ठ १४९ और १५० । राजनगर कांकरोली के शिलालेख जिस में रणच्छोड के " राजप्रशस्तिमहाकाव्य " के द्वितीय और तृतीय सर्ग हैं ।

(३४१)

वि० सं० १७२४–ज० अ० ओ० सो० भाग ७ पृष्ठ ४ । गढ़ादेश के राज **हृदयेश** तथा उनकी रानी **सुन्दरीदेवी** का रामनगर में शिलालेख जिसे मण्डन के पुत्र जय गोविन्द ने संकलित किया था ।

इस शिलालेख में निम्नलिखित राजाओं का वर्णन है:–यादवराय (गढ़ादेश का एक सम्राट), माधवसिंह, जगन्नाथ, रघुनाथ, रुद्रदेव, बिहारीसिंह, नरसिंहदेव, सूर्यभानु, वासुदेव, गोपाल साहि, भूपाल साहि, गोपीनाथ, रामचन्द्र, सुरतानसिंह, हरिहरदेव, कृष्णदेव, जगत सिंह, महासिंह; दुर्जनमल्ल, यशहकर्ण, प्रतापादित्य, यशश्चन्द्र, मनोहरसिंह, गोविन्दसिंह, रामचन्द्र, कर्ण, रत्नसेन, कमलनयन, नरहरिदेव, वीरसिंह, त्रिभुवनराय, पृथ्वीराज, भारतीचन्द्र, मदनसिंह, उग्रसेन, रामसाहि, तारा-

चन्द्र, उदयसिंह, भानुमित्र, भवानीदास, सिवसिंह, हरिनारायण, सबलसिंह, राजसिंह, दादीराय, गोरक्षदास; अर्जुनसिंह, संग्रामसाहि, दलपति जिस ने दुर्गावती से विवाह किया, उन का पुत्र वीरनारायण, दलपति का लघुभ्राता चन्द्रसाहि, उस का पुत्र मधुकरसाहि, प्रेमनारायण (प्रेमसाहि), हृदयेश जिस ने सुन्दरीदेवी से विवाह किया, उन की पुत्री (?) मृगावती ।

(३४२)

वि० सं० १७७०— भा० इ० पृष्ठ १९९ । मेवाड के राणा सङ्ग्रामसिंह के समय का उदयपुर (राजपूताना) में शिलालेख ।

(३४३)

वि० सं० १८६१—प्रो० ब० ए० सो० १८९९ पृष्ठ २०४ सम्भलपुर के नायक **जयन्तसिंह** की पत्नी **रत्नकुमारिका** का नागपुर में दानपत्र ।

(३४४)

वि० सं० १८७४, १८७५ तथा १८७७— इ० ए० भाग ९ पृष्ठ १९३ । महाराजाधिराज **रणबाहादूरशाह** की विधवा **ललितत्रिपुरसुन्दरीदेवी** का उन के पौत्र महाराजाधिराज **राजेन्द्रविक्रमशाह** के समय का नैपाल में शिलालेख ।

पृथ्वीनारायणशाह, उस का पुत्र सिंहप्रतापशाह, उस का पुत्र रणबाहादूर शाह, उस का पुत्र गीर्वाणयुद्धविक्रमशाह, उस का पुत्र राजेन्द्रविक्रमशाह ।

(३४५)

वि० सं० १८७६— आ० स० इ० भाग १ पृष्ठ २७० । मसार (महासार) का जैन शिलालेख ।

(३४६)

वि० सं० १८८१— ए० इ० भाग २ पृष्ठ २४४ । पभोसा का जैन शिलालेख ।

(३४७)

वि० सं० १९१५ तथा १९१७– आ० स० इ० भाग २१ पृष्ठ १३६ । महाराजाधिराज **श्रीसिंहदेव** (*i*) का चम्बा का दान पत्र ।

विक्रम संवत् के विना समय के शिलालेख ।

(३४८)

गुप्त इ० पृष्ठ १४६ । राजा **यशोधर्मन** (जिस के आधीन राजा **मिहिरकुल** था) का मन्दसोरस्तूप पर शिलालेख जिसे कक्क के पुत्र वासुल ने सङ्कलित किया तथा गोविन्द ने खोदा था ।

(३४९)

ज० रो० ए० सो० १८९४ पृष्ठ ४ । प्रतिहार **बाउक** का जोधपुर में शिलालेख ।

ब्राह्मण हरिचन्द्र के उस की क्षत्राणी पत्नी से चार पुत्र थे, भोगभट, कक्क, रजिल्ल और दद्द, रजिल्ल का पुत्र नरभट पेल्लापेल्ली, उस का पुत्र नागभट जिस ने जज्जिकादेवी से विवाह किया, उस के पुत्र तात और भोज, तात का पुत्र यशोवर्धन, उस का पुत्र चन्दुक, उस का पुत्र शिलुक वा शीलुक (जिस ने भट्टिकदेवराज को पराजित किया), उस का पुत्र झोट, उस का पुत्र भिल्लादित्य, उस का पुत्र कक्क जिस ने पद्मिनी से विवाह किया, इन का पुत्र बाउक (जिस ने उस मयूर को मारा जिस ने नन्दावल्ल को पराजित किया था ।

(३५०)

ए० इ० भाग १ पृष्ठ २४४ । कन्नौज के **महेन्द्रपालदेव** के राजकाल का पेहेवा (पहोआ, अब लाहोर म्यूजियम) में शिलालेख जिस में तोमरवंश के कुछ जनों के विष्णु के मन्दिर बनवाने का वर्णन है । इसी वंश में राजा जाउल थे, उन के एक सन्तान, वज्रट ने मङ्गलदेवी से विवाह किया, उन का पुत्र जज्जुक जिस ने चन्द्र और नायिका

से विवाह किया, उन के पुत्र गोग्ग, पूर्णराज, तथा देवराज । (इसे भट्टराम के पुत्र मु............(?) ने सङ्कलित किया।

(३९१)

ए० इ० भाग १ पृष्ठ १२२ तथा आ० स० इ० भाग २१ । **चन्देल्ल** का खजुराहो में खण्डित शिलालेख जिस में जेज्जाक विज्जाक और **हर्षदेव** तथा (कन्नौज के) क्षितिपालदेव का वर्णन है ।

(३९२)

ए० इ० भाग १८ पृष्ठ २३७ तथा आ० स० इ० भाग १० । महाराजाधिराज **यशोवर्मन** के पौत्र तथा कृष्णाप और उसकी स्त्री आसर्व के पुत्र **चंद्रेल्लदेवलब्धि** के दुदाहि में शिलालेख ।

(३९३)

ए० इ० भाग १ पृष्ठ २२१ तथा आ० स० इ० भाग २१ **चन्द्रेल्ल** का महोबा (अब लखनऊ म्यूजियम) में खण्डित शिलालेख जिस में जेजा और उस के लघुभ्राता वीजा, धङ्ग, उस के पुत्र गण्ड, उस के पुत्र विद्याधर (जो [धारा] के भोजदेव का समकालीन [?] था), विजयपाल (जो चेदी गांगेयदेव का समकालीन था), और उस के पुत्र कीर्तिवर्मन (जिस ने लक्ष्मीकर्ण अर्थात् चेदीकर्ण को विजय किया) का वर्णन है ।

(३९४)

ए० इ० भाग १ पृष्ठ १९७ । चन्देल्ल **मदनवर्मदेव** का मऊ (अब कलकत्ता म्यूजियम) में खण्डित शिलालेख जिस में **धङ्ग**, उस के पुत्र गण्ड, उस के पुत्र विद्याधर, उस के पुत्र विजयपाल, उस के पुत्र कीर्तिवर्मन, उस के पुत्र सल्लक्षणवर्मन, उसके पुत्र जयवर्मन, सल्लक्षणवर्मन के लघुभ्राता पृथ्वीवर्मन, और पृथ्वीवर्मन के पुत्र मदनवर्मन का वर्णन है ।

(३९५)

ज० ब० ए० सो० भाग १७ पृष्ठ ३१७ तथा आ० स० इ०

भाग २१ पृष्ठ ३९ । **चन्देल्ल** का कालञ्जर में खण्डित शिलालेख जिस में विजयपाल, चेदीकर्ण, जयवर्मन, मदनवर्मन उस के लघुभ्राता प्रतापवर्मन और **वीरवर्मन** का वर्णन है ।

(३९६)

ए० इ० भाग १ पृष्ठ ३३३ तथा आ० स० इ० भाग २१ । चन्देल्ल भोजवर्मन के समय का अजयगढ़ की चट्टान का शिलालेख जिस में वास्तव्य कायस्थजाति के कुछ जनों का वर्णन तथा चन्देल्ला गण्ड, कीर्तिवर्मन, परमर्दिन, त्रैलोक्यवर्मन और भोजवर्मन का उल्लेख है ।

(३९७)

प्रो० बे० ज० पृष्ठ ८२ । अर (राजपुताना में उदयपुर के निकट) का खण्डित शिलालेख जिस में [गुहिल] राजा **शक्तिकुमार** का नाम है ।

(३९८)

भा० इ० पृष्ठ ७२ । उदयपुर (राजपुनाना) का खण्डित शिलालेख जिस में (गुहिल) राजा **शक्तिकुमार** और **शुचिवर्मन** का नाम है ।

(३९९)

ए० इ० भाग १ पृष्ठ २३३ । मालवा के **परमार** अनुशासकों का उदयपुर (ग्वालियर) में खण्डित शिलालेख जिस में परमार की वंशावली यों दी है, उपेन्द्रराज, उस का पुत्र वैरिसिंह प्रथम, उस का पुत्र सीयक, उस का पुत्र वाक्पति प्रथम, उस का पुत्र वैरिसिंह द्वितीय, वज्रट, उस का पुत्र हर्ष (जिस ने) [राष्टकूट] राजा खोट्टिग को पराजित किया), उसका पुत्र वाक्पति द्वितीय (जिस ने त्रिपुरी के युवराज द्वितीय को जीता), उस का लघुभ्राता सिन्धुराज, उस का पुत्रभोजराज (जो इन्द्ररथ तोग्गल [?] और [चालुक्य] भीम [प्रथम] से लड़ा था), और **उदयादित्य** ।

(३६०)

ए० ई० भाग १ पृष्ठ ३५० तथा ३०३० नम्बर ५२ । परमार महाराजाधिराज **जयवर्मदेव** का उज्जैन (अब रायल एशियाटिक सोसायटी) में **प्रथम** दानपत्र जो वर्धमानपुर में दिया गया था ।

उदयादित्य, नरवर्मन, यशोवर्मन, जयवर्मन ।

(३६१)

ए० इ० भाग १ पृष्ठ २१५ । **सल्लक्षणसिंह** का झांसी (अब लखनऊ म्यूजियम) में खण्डित शिलालेख जिसमें कन्याकुब्ज, नायक सीधुक और मामक (?), लक्खट और रजहपाल, राजलदेवी, [चन्देल्ल] कीर्तिवर्मन, गणपाल (?) अवन्ति के [परमार] उदयादित्य, नृसिंह, हीर वा हीरांशु (?) और सल्लक्षणसिंह का वर्णन है ।

(३६२)

भा० इ० पृष्ठ २०६ । चौलुक्य महाराजाधिराज **कुमारपालदेव** के राजकाल का रत्नपुर (मारवाड़) में खण्डित शिलालेख जिसमें **पूनपाक्षदेव** अथवा उसकी रानी महाराज्ञी गिरिजादेवी की एक आज्ञा तथा महाराज रायपालदेव का वर्णन है ।

(३६३)

भा० इ० पृष्ठ २१४ । चौलुक्य (बाघेला) **विश्वलदेव** का केम्बे में अधूरा शिलालेख । अर्णोराज ने सलक्षण देवी से विवाह किया उनका पुत्र लवणप्रसाद जिसने मदन देवी से विवाह किया, उनका पुत्र बीर धबल जिसने वयजल देवी से विवाह किया, उनका पुत्र विश्वलदेव ।

(३६४)

आ० स० वे० इ० भाग २ पृष्ठ १५९ तथा ए० रि० वो० प्रे० पृष्ठ ३०२ । **चूडासमा** नायकों का गिरनार में खण्डित शिलालेख । यादववंश में मण्डलीक (प्रथम), उसका पुत्र नवघन, उसका

पुत्र महिपाल (प्रथम) षङ्गार (खङ्गार), जयसिंह, मोकलसिंह, मेलग, महिपाल (द्वितीय), और उसका पुत्र मण्डलीक (द्वितीय) ।

---

(२) शक संवत के शिलालेख ।

(३६५)

श० सं० ४००—इ० ए० भाग १० पृष्ठ २८३ । भट्टार्क (भटार्क) के पुत्र गुहसेन के पुत्र महाराजाधिराज **धरसेनदेव** का बम्बई एशियाटिक सोसायटी में (सन्दिग्ध) दानपात्र जो बलभी में दिया गया था ।

(३६६)

श० सं० ४००—इ० ए० भाग ७ पृष्ठ ६३ । दद (दद्द) प्रथम के पुत्र जयभट्ट (जयभट) वीतराग के पुत्र गुजर महाराजाधिराज **दद्द द्वितीय प्रशान्तराग** का उमेता (सन्दिग्ध) में दानपत्र जो भरु-कच्छ (के फाटक के सामने के तंबू) में दिया गया था ।

(३६७)

श० सं० ४१५—इ० ए० भाग १७ पृष्ठ १९९ । दद (दद्द) प्रथम के पुत्र जयभट्ट (जयभट) वीतराग के पुत्र गुरजर महाराजाधिराज **दद्द द्वितीय प्रशान्तराग** का बगुम्रा में (सन्दिग्ध) दानपत्र जो भरु-कच्छ (के फाटक के सामने के तम्बू) में दिया गया था ।

(३६८)

श० सं० ४१७—इ० ए० भाग १३ पृष्ठ ११६ । दद (दद्द) प्रथम के पुत्र, जयभटवीतराग के पुत्र गुरजर महाराजाधिराज **दद्द द्वितीय प्रशान्तराग** का इलाओ (सन्दिग्ध) में दानपत्र जो भरुकच्छ (के फाटक के सामने के तम्बू) में दिया गया था ।

(३६९)

श० सं० ६३१—इ० ए० भाग १८ पृष्ठ २३४ । राष्ट्रकूट **नन्दराज युद्धासुर** का मुलता**न** (मध्यप्रदेश) में दानपत्र ।

राष्ट्रकूट वंश में दुर्गराज, उसका पुत्र गोविन्दराज, उसका पुत्र (?) स्वामिकराज, उसका पुत्र नन्दराज युद्धासुर ।

(३७०)

श० सं० ७२६ (?)—ए० इ० भाग १ पृष्ठ ११२ । कीरग्राम के राजानक **लक्ष्मण चन्द्र** के समय का तथा तृगर्त (जालन्धर) के राजा **जयच्चन्द्र** के राजकाल का वैजनाथ में शिलालेख (दूसरी प्रशस्ति) जिसे भृङ्गक के पुत्र राम ने सङ्कलित किया ।

इस शिलालेख में कीरग्राम के निम्नलिखित राजान का वर्णन है—कन्द, उसका पुत्र बुद्ध, उसका (?) पुत्र विग्रह, उसका पुत्र ब्रह्मन, उसका पुत्र डोम्बक, उसका पुत्र भुवन, उसका पुत्र कल्हण, उसका पुत्र बिल्हण जिसने तृगर्त के राजा हृदयचन्द्र की कन्या लक्षणिका से विवाह किया । उनके पुत्र राम और लक्ष्मण (लक्ष्मणचन्द्र जिसने मयतल्ला से विवाह किया)

(३७१)

श० सं० ७८४—कन्नौज के महाराजाधिराज **भोजदेव** तथा उसके अधीनस्थ लुअच्छगिर (देवगढ़) के अनुशासक महासामन्त विष्णुम के राजकाल का देवगढ़ जैन स्तूप पर शिलालेख ।

(३७२)

श० सं० ८३६—इ० ए० भाग १२ पृष्ठ १९३ । राजाधिराज **महीपाल देव** के अधीनस्थ चाप महासामन्ताधिपति **धरणीवराह** का हड्डाला में दानपत्र जो वर्धमान में दिया गया था ।

चापवंश में विक्रमार्क, उसका पुत्र अड्डक, उसका पुत्र पुलकेसि, उसका पुत्र ध्रुवभट, उसका छोटाभाई धरणीवराह ।

(३७३)

श० सं० ९४०—बी० जी० भाग ७ पृष्ठ ८८। निम्बार्क के पुत्र वारप्प का पौत्र तथा गोग्गिराज के पुत्र, लाटदेश के चालुक्य महामण्डलेश्वर **कीर्तिराज** के राजकाल का सूरत में दानपत्र जिस में कुन्दराज के पौत्र तथा अमृतराज के पुत्र राष्ट्रकूट नायक सम्बुराज के दान का उल्लेख है।

(३७४)

श० सं० ९६०—ए० इ० भाग ४ पृष्ठ १९०। तृकलिङ्गाधिपति गङ्ग महाराजाधिराज **वज्रहस्तदेव** के राज्याभिषेक का समय जैसा कि नडगाम के श० सं० ९७९ के दानपत्र में दिया है।

(३७५)

श० सं० ९७२—इ० ए० भाग १२ पृष्ठ २०१। लाटदेश के चौलुक्य **त्रिलोचनपाल** का सूरत में दानपत्र।

चौलुक्यवंश में (जोकि पौराणिक चौलुक्य तथा कन्याकुब्ज की एक राष्ट्रकूट राजकुमारी से चला वारप्पराज, उसका पुत्र गोग्गिराज, उसका पुत्र कीर्तिराज, उसका पुत्र वत्सराज, उसका पुत्र त्रिलोचनपाति (त्रिलोचनपाल)।

(३७६)

श० सं० ९७९—इ० ए० भाग ४ पृष्ठ १८९। त्रिकलिङ्गाधिपति गङ्ग महाराजाधिराज **वज्रहस्तदेव** का नडगाम (जिला गञ्जम) में दानपत्र जो कलिङ्गनगर में दिया गया था।

त्रिकलिङ्गवंश में (१) महाराज गुणमहार्णव (२) उसका पुत्र वज्रहस्त (जिसने ४४ वर्ष राज्य किया), (३) उसका पुत्र गुण्डम (३ वर्ष), (४) उसका छोटाभाई कामार्णव (३५ वर्ष, (५) उसका छोटा भाई विनयादित्य (३ वर्ष), (६) कामार्णव का पुत्र वज्रहस्त

अनियंकभीम (३९ वर्ष), (७) उसका सब से बड़ा पुत्र कामार्णव (½ वर्ष), उसका छोटा भाई गुण्डम (३ वर्ष), (९) उसका, (दूसरी माता से भाई) मधु-कामार्णव (१९ वर्ष) , (१०) वज्रहस्त—कामार्णव (७) का वैदुम्ब वंश की विनयमहादेवी से पुत्र ।

(३७७)

श० सं० ९९९—इ० ए० भाग १८ पृष्ठ १६३ । त्रिकलिङ्गाधिपति गंग महाराजाधिराज **अनन्त वर्मन-चोडगंगदेव** के राज्याभिषेक का समय जैसा कि उसके विजगापटम) के श० सं १००३ के दानपत्र में दिया है (संख्या ३७८) ।

(३७८)

श० सं० १००३—इ० ए० भाग १८ पृष्ठ १६२ । त्रिकलिंगाधिपति गंग महाराजाधिराज **अनन्त वर्मन-चोड़गंगदेव** का विज़गपटम (अब मद्रास म्यूज़ियम) में दानपत्र जो कलिंग नगर में दिया गया था ।

वंशावली, वज्रहस्त (१०) तक संख्या ३७६ में दी है; (११) उसका पुत्र राजराज प्रथम (८ वर्ष), (१२) उसका पुत्र, राजेन्द्रचोल की कन्या राजसुन्दरी से, अनन्त वर्मन-चोडगंग ।

(३७९)

श० सं० १०४०—इ० ए० भाग १८ पृष्ठ १६६ । त्रिकलिंगाधिपति गंग राजाधिराज महाराज **अनन्तवर्मन-चोड गंगदेव** का विज़गपटम (अब मद्रास म्यूज़ियम) में दान पत्र जो सिन्दूरपोर में दिया गया था । अनन्त (विष्णु) से चन्द्र तदनन्तर गांगेय तक, उस से कोलाहल तक (जो गंगा वाड़ी कोलाहलपुर का संस्थापक था), और उसके पुत्र विरोचन तक की वंशावली दी है । इसके आगे कोलाहलपुर के ८१ राजाओं का वर्णन कर के इस प्रकार वंशावली दी है—वीरसिंह जिसके पांच पुत्र कामार्ण्य (प्रथम) दानार्ण्य, गुणार्ण्य (प्रथम)

मारसिंह, और वज्रहस्त (प्रथम) हुए । (१) कामार्ण्य (प्रथम) ने बलादित्य को जीत कर कलिंग पर अधिकार जमाया और जन्तापुर में ३६ वर्ष राज्य किया; (२) उस के छोटे भाई दानार्ण्य ने ४० वर्ष राज्य किया; (३) उस के लड़के कामार्ण्य (द्वितीय) ने नगर में ५० वर्ष राज्य किया; (४) उस के लड़के रणार्ण्य ने ५ वर्ष; (५) उसके लड़के वज्रहस्त (द्वितीय) ने १५ वर्ष; (६) उस के छोटे भाई कामार्ण्य (तृतीया) ने १९ वर्ष; (७) उसके लड़के गुणारार्य (द्वितीय) ने २७ वर्ष; (२) उसके लड़के जितांकुश ने १५ वर्ष; (९) उसके भतीजे कलिङ्गलांकुश ने १२ वर्ष, (१०) उसके चाचा गुणग्राम (प्रथम) ने ७ वर्ष, (११) उस के छोटे भाई कामार्ण्य (चतुर्थ) ने २५ वर्ष; (१२) उस के छोटे भाई विनयादित्य ने ३ वर्ष; (१३) कामार्ण्य (चतुर्थ) के पुत्र वज्रहस्त (चतुर्थ) ने ३५ वर्ष' (१४) उस के लड़के कामार्ण्य (पञ्चम) ने ६ मास' (१५) उस के छोटे भाई गुण्डम (द्वितीय) ने ३ वर्ष' (१६) । उस के सौतेले भाई मधु-कामार्ण्य (षष्टम) ने १९ वर्ष' (१७) उसके लड़के वज्रहस्त (पचम) ने ३० वर्ष' (१८) उसके लड़के राजराज (प्रथम) ने ८ वर्ष राज्य किया और चोढ़ राजकुमारी राजसुन्दरी से विवाह किया (१९) उनका ज्येष्ठ लडका अनन्तवर्मन चोड़गंग हुआ ।

(३८०)

श० सं० १०५७—इ० ए० भाग १८ पृष्ठ १७३ । त्रिकलिङ्गाधिपति गङ्ग महाराजाधिराज **अनन्तवर्मन-चोड़गङ्गदेव** का विज़ग पटम (अब मद्रास म्यूज़ियम) में दान पत्र जो कलिङ्गनगर में दिया गया था ।

(३८१)

श० सं० १०५९—ए० इ० भाग २ पृष्ठ ३३३ । कवि

गङ्गाधर का गोविन्दपुर में शिलालेख जिसमें मगध के मानराज-कुमार **वर्णमान** और **रुद्रमान** का वर्णन है।

इस शिलालेख में मग अथवा शाकद्वीपीय ब्राह्मण दामोदर, उस के पुत्र चक्र पाणि, उसके पुत्र मनोरथ और दशरथ, मनोरथ के पुत्र गङ्गाधर (जिसने इस शिलालेख का सङ्कलित किया) और महीधर, और दशरथ के पुत्र हरिहर और पुरुषोत्तम का वर्णन है।

(३८२)

श० सं० १०५४—ज० ब० ए० सो० भाग ६५ पृष्ठ २८३। अनन्त वर्मन-चोडगङ्ग के पुत्र तथा उत्तराधिकारी कलिङ्ग के गंग **कामार्णव** के राज्याभिषेक की तिथि जो कि श० सं० १२१७ के नर-सिंह देव द्वितीय के केन्दुपाटन के ताम्रपत्र में (संख्या ३८६ देखो) दी है।

(३८३)

श० सं० ११०७—जी० डी० मो० गे० भाग ४० पृष्ठ ४३ तथा ए० इ० भाग ५ पृष्ठ १८३। **वल्लभदेव** का आसाम (अब बंगाल एशियाटिक सोसायटी) में दानपत्र।

चन्द्रवंश में भास्कर; उस का पुत्र रायारिदेवत्रैलोक्य सिंह; उस का पुत्र उदय कर्ण—निःशङ्क सिंह जिसने अहैव देवी से विवाह किया; उन का पुत्र वल्लभदेव।

(३८४)

श० सं० ११४१—ए० रि० भाग ९ पृष्ठ ४०३ तथा को० मि० ए० भाग २ पृष्ठ २४२। **हरिकाल देव रणवङ्कमल्ल** (?) का तिपुर (टिप्परा) में दानपत्र।

(३८५)

श० सं० ११६५—ज० ब० ए० सो० भाग ४३ पृष्ठ ३२२। **दामोदर** का चित्त गांग में दानपत्र।

चन्द्रवंश में पुरुषोत्तम; उस का पुत्र मधु सूदन; उस का पुत्र वासुदेव; उस का पुत्र दामोदर ।

(३८६)

श० सं० १२१७—(१२१८ के स्थान पर)—ज० ब० ए० सो० भाग ६५ पृष्ठ २३५ । [कलिंग के] गंग राजा **नरसिंह-देव द्वितीय** के इक्कीसवें वर्ष का केन्दु पाटन (उरीसा में) में दान-पत्र जो रेमुणा में दिया गया था ।

